दिनांक 14 मार्च 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मास्क नहीं लगाने वालों पर घूम-घूम कर की जा रही है कार्रवाई, सार्वजनिक स्थलों एवं दुकानों

भिलाई नगर/ बढ़ते कोरोना संक्रमण के मद्देनजर निगम प्रशासन मास्क पर कार्रवाई को लेकर अलर्ट मोड में है! संपूर्ण निगम क्षेत्र में मास्क नहीं लगाने वालों पर घूम-घूम कर कार्रवाई की जा रही है! सार्वजनिक स्थानों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं दुकानों पर विशेष फोकस है इन क्षेत्रों में लगातार निगम प्रशासन द्वारा मास्क पर कार्यवाही का महाअभियान चलाया जा रहा है! जिन क्षेत्रों में कोरोना संक्रमण के ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं , उन क्षेत्रों में टीम मुस्तैदी से मास्क पर कार्रवाई कर रही है! निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने मास्क नहीं लगाने वाले लोगों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं! ऐसे दुकान जो कोरोना गाइडलाइन का उल्लंघन करते पाए जाएंगे उनके दुकानों को सील किया जाएगा! बारंबार समझाइश देने के बाद भी नियमों के अवहेलना करने वालों के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया भी की जाएगी! कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए मास्क लगाना अनिवार्य है , इसके लिए स्वयं को समझदारी और सूझबूझ दिखाने की आवश्यकता है! नेहरू नगर क्षेत्र में कोराना संक्रमण को देखते हुए सघन मास्क चेकिंग अभियान चलाया गया! ऐसे लोग जो मास्क नहीं लगाए थे उनसे जुर्माना वसूला गया और चेतावनी देकर छोड़ा गया! लगातार कार्यवाही करने के लिए निगम प्रशासन की टीम 2 पारियों में मास्क चेकिंग अभियान के तहत कार्यवाही कर रही है , सुबह 6:00 से 2:00 और दोपहर 2:00 से 8:00 तक कार्यवाही की जा रही है! शाम 5:00 बजे तक की गई कार्यवाही में 363 लोगों से 34430 रुपए जुर्माना वसूल किया जा चुका है! कार्यवाही अभी जारी है जो रात्रि तक चलेगी! 2 दिनों में 1131 लोगों से 98430 रुपए जुर्माना वसूल किया जा चुका है , मास्क को लेकर यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है! निगम प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि घर से निकलने पर मास्क अनिवार्य रूप से लगाएं , अन्यथा अर्थदंड वसूली सहित अन्य वैधानिक कार्यवाही भी की जाएगी! मुनादी के माध्यम से मास्क लगाने को लेकर लगातार अपील की जा रही है! निगम के प्रत्येक जोन क्षेत्र में मास्क को लेकर बड़ा अभियान चलाया जा रहा है! हर क्षेत्र पर कार्रवाई करने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है! जो कि निगम क्षेत्र में घूम-घूम कर मास्क नहीं लगाने वालों पर कार्रवाई कर रही है! मास्क नहीं लगाकर निकलने वालों पर सख्ती से कार्यवाही की जा रही है! यह अभियान लगातार जारी रहेगा!